# माता-पिता का बच्चों संबंधित प्रबंध और कोविड़ -19

**मेरे बच्चों के क्या अधिकार हैं?**

फैमिली लॉ एक्ट के तहत, बच्चों को अपने माता-पिता में से प्रत्येक के साथ महत्वपूर्ण और सार्थक संबंध रखने का अधिकार है। आपके और आपके बच्चों के लिए इसका क्या मतलब है, यह आपके परिवार की परिस्थितियों और माता-पिता के बीच संबंधों पर निर्भर करेगा। बच्चे की सबसे अच्छी देखभाल करना माता-पिता की जिम्मेदारी है। इसका मतलब यह भी है कि किसी भी बच्चों संबंधित प्रबंध को बच्चे पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए, जिसमें बच्चे को किसी भी नुकसान से बचाया जाना सुनिश्चित करना भी शामिल है।

हमीदा के पास एक अदालत का आदेश है कि उसके दो बच्चे उसके साथ रहें और प्रत्येक स्कूल की छुट्टी के दौरान एक सप्ताह के लिए अपने पिता के साथ रहने के लिए जाएं। क्योंकि पिता तस्मानिया में रहते हैं, फिलहाल कोविड़-19 प्रतिबंधों के कारण बच्चों के लिए वहां यात्रा करना संभव नहीं है।

हमीदा और बच्चों के पिता ईमेल से यह सहमित करते हैं कि तस्मानिया में स्कूल की छुट्टियां बिताने का प्रौग्राम तब तक निलंबित होता हैं जब तक यात्रा प्रतिबंध नहीं हटता है और यह चूक समय तब पूरा किया जाएगा है जब बच्चों के लिए फिर से तस्मानिया की यात्रा करना संभव और सुरक्षित होगा। इस बीच,वे इस बात से सहमत हैं कि बच्चे नियमित फोन कॉल के माध्यम से अपने पिता के संपर्क में रहेंगे।

**अगर मेरे पास फैमिली लॉ कोर्ट के आदेश हैं, तो क्या मुझे उनका पालन करना ही पडेगा?**

आपको अपने अदालती आदेशों का पालन करना चाहिए जब तक कि आपके पास ऐसा ना करने का एक उचित कारण हो। यदि आप अपने अदालत के आदेशों का पालन नहीं करते हैं, तो अन्य माता-पिता या देखभालकर्ता इस मामले को अदालत में वापस ले सकते हैं। अदालत तब यह तय करेगी कि क्या आपका कारण वैध है या नही।
यदि अदालत यह निर्णय लेती है कि आपके अदालत के आदेश का पालन न करने का आपका कारण वैध नहीं है, तो अदालत यह कर सकती है:

- यह सुनिश्ति करे कि बच्चों के छूटे हुए समय को अन्य माता-पिता या देखभाल करने वालों के साथ बढ़ाया जाए;
- इस मामले में, अदालत एक नया आदेश दे सकती है; या
- इसके और भी गंभीर परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि अन्य माता-पिता या देखभालकर्ता की कानूनी लागतों का भुगतान करना, जुर्माना देना या यहां तक कि आपराधिक वारदातों का दोषी करार देना।

यदि कोविड़-19 प्रतिबंधों के कारण फैमिली लॉ कोर्ट के आदेशों का पालन करना आपके लिए उचित नहीं है, तो आप ऑर्डर में बदलावों पर चर्चा कर सकते हैं। अगले पृष्ठ पर देखें, "मैं आदेशों में परिवर्तन कैसे कर सकता\सकती हूं?"

**मेरे क्षेत्र के लिए सरकारी दिशानिर्देश हैं कि हमें सीमित छूट के बिना घर पर रहना होगा। क्या मैं अभी भी हमारी वर्तमान चाइल्डकैअर व्यवस्था का पालन कर सकता हूं?**

सभी सामान्य रहने की व्यवस्था, चाहे अनौपचारिक हो या न्यायालय द्वारा आदेशित हो, जारी रह सकती है। आपको माता या पिता के घर से बच्चों को लेने के लिए घर छोड़ने की अनुमति है। कोविड़-19 प्रतिबंध के बारे में जानकारी यहाँ उपलब्ध है।

NORTHERN COMMUNITY LEGAL CENTRE

FAMILY RELATIONSHIP CENTRE
HELPING FAMILIES BUILD BETTER RELATIONSHIPS

सुरजीत और उनकी पूर्व पत्नी का एक अनौपचारिक समझौता है कि उनका बच्चा साप्ताहिक आधार पर माता-पिता में से एक के साथ रहता है। बदलाव (हैंडउवर) आमतौर पर बच्चे के स्कूल में होता हैं, लेकिन उनका बच्चा अब घर में ही स्कूल में भाग ले रहा है। वे टैक्सट मैसेज से सहमति करते हैं कि वे अपने घरों के बीच मैकडॉनल्ड्स कार पार्क में साप्ताहिक बच्चे का हैंडउवर करेंगें।

**अगर मेरे पास फैमिली लॉ कोर्ट के आदेश नहीं है तो?**

यदि आपके पास बच्चों के लिए फैमिली लॉ कोर्ट के आदेश नहीं हैं, तो आपके पास अन्य माता-पिता या देखभालकर्ताओं के साथ मौजूदा मौखिक रूप से या लिखित रूप में समझौता हो सकता है। आपको किसी भी मौजूदा समझौते का पालन करना चाहिए जब तक कि आपके पास ऐसा ना करने का एक उचित कारण हो।

यदि किसी मौजूदा समझौता का पालन करना उचित नहीं है, तो आप मौजूदा समझौते में बदलाव के लिए बातचीत कर सकते हैं। नीचे देखें "मैं बदलाव के बारे में कैसे बात कर सकता\सकती हूं?"

**क्या हम हैंडओवर की व्यवस्था बदल सकते हैं?**

यदि आपके बच्चों का हैंडओवर ऐसी जगह पर है जो अब उपयुक्त या व्यावहारिक नहीं है (उदाहरण के लिए स्कूल या ड्रेकेयर), तो नया हैंडओवर स्थान ढूंढना उचित हो सकता है। यदि ऐसा करना सुरक्षित है, तो आप नए हैंडओवर स्थान के लिए परिवर्तन पर बातचीत कर सकते हैं।

**मैं पेरेंटिंग (माता-पिता का बच्चों संबंधित) प्रबंध में बदलाव के लिए कैसे बातचीत कर सकता\सकती हूं?**

यदि आपके लिए ऐसा करना सुरक्षित है, तो आप अपनी वर्तमान पेरेंटिंग व्यवस्था के बारे में अन्य माता-पिता या देखभालकर्ताओं से सीधे बात कर सकते हैं।

यदि आप किसी समझौते पर पहुंचने में सक्षम हैं, तो आपको लिखित रूप में ऐसा करना चाहिए (यह टैक्सट या ईमेल द्वारा हो सकता है), क्योंकि यह आपको भविष्य के किसी फैमिली लॉ कोर्ट में मदद कर सकता है।

आपको एक समझौते पर पहुंचने की कोशिश करनी चाहिए जो आपको लगता है कि आपके बच्चों के हित में है।



NORTHERN COMMUNITY LEGAL CENTRE

FAMILY RELATIONSHIP CENTRE
HELPING FAMILIES BUILD BETTER RELATIONSHIPS

**क्या होगा अगर हम एक बदलाव के लिए सहमत नहीं हो सकते हैं, या अगर मेरे लिए अन्य माता-पिता से संपर्क करना सुरक्षित नहीं है?**

यदि आप अन्य माता-पिता या देखभालकर्ताओं के साथ किसी समझौते पर नहीं पहुँच सकते हैं,या यदि आपके लिए उनसे संपर्क करना सुरक्षित नहीं है, तो आप पारिवारिक विवाद समाधान सेवा, जैसे कि फैमिली रिलैश्नशिप सैंटर, के माध्यम से मध्यस्थता करके एक समझौते तक पहुँचने का प्रयास कर सकते हैं।

आपको कानूनी सलाह लेनी चाहिए अगर आप किसी अन्य माता-पिता या देखभालकर्ता के साथ समझौते में नहीं आ पाए हैं।

यदि आपके लिए मध्यस्थता करना सुरक्षित नहीं है, या यदि आप मध्यस्थता के माध्यम से एक समझौते पर नहीं आ सकते हैं, तो आप अदालत द्वारा निर्णय के लिए अदालत में आवेदन कर सकते हैं, हालांकि कई मामलों में अदालतें महंगी, तनावपूर्ण और अनावश्यक मानी जाती हैं।

एज्रा के बच्चे हर समय उसके साथ रहते हैं,और जब वे शहर में होते हैं तो वे अपने पिता से मिलते हैं। क्योंकि वह काम के लिए बहुत यात्रा करता है, एज्रा चिंतित है कि कोविड़ -19 के बढ़ते जोखिम के कारण बच्चों के साथ उसका प्रस्तावित प्रबंधन समय उनके सर्वोत्तम हित में नहीं है, हालांकि वह इसे नकारने में सुरक्षित महसूस नहीं करती है।

उसे अपने विकल्पों पर कानूनी सलाह लेनी चाहिए, जिसमें आवश्यक सुरक्षा उपायों के साथ फैमिली रिलैश्नशिप सैंटर के माध्यम से मध्यस्थता शामिल हो सकती है।

**मुझे और जानकारी कहां मिल सकती है?**

**नौरदन कम्युनिटी लीगल सैंटर:**
northernclc.org.au/covid-19-facts-and-info
**विक्टोरिया लीगल ऐड:**
legalaid.vic.gov.au/find-legal-answers/covid-19-coronavirus/parenting-issues
**फैमिली रिलैश्नशिप सैंटर:**
familyrelationships.gov.au/covid-19
**फैड़रल सर्किट कोर्ट ऑस्ट्रेलिया:**
federalcircuitcourt.gov.au/wps/wcm/connect/fccweb/about/news/covid-info-parents

## मुफ्त कानूनी सलाह लें

**नौरदन कम्युनिटी लीगल सैंटर**
**(03)9310 4376**
**admin@northernclc.org.au**

**विक्टोरिया लीगल ऐड**
**1300 792 387**

**मुझे और सहायता कहां मिल सकती है**?

**फैमिली रिलैश्नशिप सैंटर:** 1800 050 321
**बरौडमिडोस फैमिली रिलैश्नशिप सैंटर:** 9351 3700
familyrelationships.gov.au/talk-someone/centres
**1800RESPECT** (पारिवारिक\घरेलू हिंसा की सलाह और सूचना) 1800 737 732
1800respect.org.au

**यह दस्तावेज़ कानूनी सलाह नहीं है। यह जानकारी 20 अप्रैल, 2020 तक सटीक है, हालांकि इस अवधि के दौरान चीजें बहुत तेजी से बदल रही हैं, इसलिए आपको इस जानकारी के आधार पर कोई भी कार्रवाई करने से पहले कानूनी सलाह लेनी चाहिए।**

NORTHERN COMMUNITY LEGAL CENTRE

FAMILY RELATIONSHIP CENTRE
HELPING FAMILIES BUILD BETTER RELATIONSHIPS